लापरवाही | उल्टी,दस्त की शिकायत पर लाया गया जिला अस्पताल

# भंडारा खाने के बाद बीमार हुए 25 ग्रामीण



**नवभारत,तेंदूखेड़ा/दमोह. जिले के तेजगढ़ ब्लॉक के ग्राम मोहरा में शुक्रवार रात अचानक करीब एक दर्जन से अधिक लोगों को उल्टी दस्त शुरू हो गए. जिसके बाद तत्काल ग्रामीणों को इलाज के लिए 108 से तेंदूखेड़ा स्वास्थ्य केंद्र लाया गया.हालत गंभीर होने पर निकिता रतन सिंह उम्र 21 वर्ष, विनीता नरेंद्र लोधी 24 वर्ष, अंजलि पिता गुड्डा 18 वर्ष, कृपा पिता राजेंद्र, धर्मेंद्र, हल्की बाई 40 वर्ष, देवकी लोधी 15 वर्ष और अरुणधती 26 वर्ष, हल्के और अमृता लोधी को 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया गया. जिनका इलाज ड्यूटी रत डॉक्टर विजय पथोरिया द्वारा किया जा रहा है. ग्रामीणों के अनुसार दो दिन पूर्व उन्होंने गांव में मंदिर के समीप एक भंडारा खाया था.**

इसके बाद उनकी सेहत बिगड़ी और उल्टी दस्त शुरू हो गए.जानकारी लगते ही स्वास्थ्य विभाग की टीम भी गांव पहुंची है और ग्रामीणों से बात कर मामले की जांच की जा रही है.बीमार लोगों में गुड्डी बाई लोधी,खिलान लोधी,संजय लोधी, विक्रम लोधी के अलावा अन्य लोग शामिल हैं.विक्रम लोधी ने बताया तीन दिन पूर्व गांव में माता मंदिर के समीप भंडारा था.जिसमें अधिकाश लोग शामिल हुए थे.वहां से आने के बाद अचानक पेट दर्द शुरू हुआ और उसके बाद उल्टी दस्त होना शुरू हो गए.पहले उन्होंने ज्यादा गंभीरता से नहीं लिया, लेकिन शुक्रवार की रात जब और अधिक परेशानी बड़ी तब अस्पताल पहुंचे. मोहरा निवासी संजय लोधी ने बताया भंडारे के खाने में कुछ गड़बड़ हुई है.इसलिए जितने लोगों ने खाना खाया केवल वही बीमार हुए हैं.भंडारे में केवल गक्कड़,भर्ता ही था उसमें क्या कमी रही होगी जिससे लोग बीमार हुए. उल्टी,दस्त होने का कारण किसी को पता नहीं,लेकिन दो दर्जन ग्रामीण बीमार हुए हैं. अब सब्जी में कमी रही या पीने वाले पानी में हम लोग ज्यादा नहीं जानते. तेंदूखेड़ा सामुदायक स्वस्थ केंद्र में जो मरीज आये उनका उपचार जारी है. स्वास्थ्य अधिकारी दिनेश अवस्थी ने बताया सभी को फूड प्वाइजनिग हुआ है. यह कोई बीमारी नहीं है. भंडारे का भोजन खाने के बाद यह स्थिति बनी है. सीबीएमओ के साथ स्वास्थ्य विभाग टीम मोहरा गई है.

## गामीणों ने बतायां भंडारे के खाने में कुछ गड़बड़ थी

गुड्डी बाई लोधी ने बताया उल्टी दस्त से गांव के कई लोग बीमार हुऐ हैं। हम करीब 6 लोग तेंदूखेड़ा उपचार के लिए आ गये है बाकी जो बचे हैं वह जिला अस्पताल उपचार के लिए. उल्टी, दस्त क्यों हुए किसी को जानकारी नहीं है. ग्रामीणों ने बताया हम लोगों ने सार्वजनिक रूप से तीन दिन पहले ग्राम मोहरा की खेरमाई में सार्वजनिक भंडारे का आयोजन किया था.उसमें जो महिला, पुरुष शामिल हुए सभी उल्टी दस्त से ग्रस्त है.

सीबाआईएमओ डॉक्टर अशोक बरौनया ने बताया कि जितने लोगों ने खेत में भोजन किया था केवल वही लोग बीमार हुए हैं.जिसमें कुछ लोगों का इलाज स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है बाकी लोगों को जिला अस्पताल भेजा गया है.सभी लोग स्वस्थ हैं.हम भी गांव भी गए थे अन्य लोगों की जानकारी ली है.जिन लोगों ने खेत में भोजन किया केवल वह लोग बीमार हुए हैं। बाकी अन्य स्वस्थ है.मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है.



## श्री कृष्ण जन्म उत्सव मनाया गया

**नवभारत,पटेरा/दमोह.** बमनपुरा के शीतला माता मंदिर में भागवत कथा का आयोजन किया गया.जिसमें श्री कृष्ण जन्म उत्सव मनाया गया.कथा वाचक पंडित सुरेंद्र तिवारी द्वारा यजमान रामेश्वर मिश्रा रूपरानी मिश्रा को कथा श्रवण कराई जा रही है. जिसमें मिश्रा परिवार द्वारा कथा का आयोजन किया जा रहा है.जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालु भागवत कथा श्रवण करने के लिए पहुंच रहे हैं.

# होम्योपैथी के जनक डॉ सैमुअल हैनीमैन की जयंती मनाई गई

## वर्ल्ड होम्योपैथी डे के अवसर पर दमोह होम्योपैथिक संगठन द्वारा एनुअल कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत,दमोह. वर्ल्ड होम्योपैथी डे,होम्योपैथी के जनक डॉ सैमुअल हैनीमैन की 271 वी जयंती के अवसर पर दमोह होम्योपैथिक संगठन द्वारा एनुअल कार्यक्रम का आयोजन किया गया।** कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर इस सुधीर कुमार कोचर, विशिष्ट अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता पंकज हर्ष श्रीवास्तव उपस्थित रहे.कार्यक्रम के अध्यक्षता जिला आयुष अधिकारी डॉ राजकुमार पटेल ने की. दमोह होम्योपैथिक संगठन की संरक्षक डॉ सोनल राय ने संगठन के उद्देश्य व विभिन्न कार्यों के बारे में बताया.मंच संचालन डॉ प्रिया श्रीवास्तव डॉ नेहा गौतम ने किया.कार्यक्रम में उपस्थित सभी होम्योपैथिक डॉक्टर्स को उनके द्वारा की जा रही.सेवा के लिए सम्मानित किया गया व स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए,कार्यक्रम में बांसा ग्राम के ज्ञान कुंज विद्यालय के संचालकों अंकित ठाकुर व प्रीति ताम्रकार को उनके निशुल्क होम्योपैथिक शिविर में सहयोग करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सम्मानित किया गया. नगर में 65 वर्षों से आयुर्वेद की प्रेक्टिस करने वाले वैद्य बाबू लाल जैन को उनके अतुलनीय सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया.जिला चिकित्सालय में पदस्थ दीपक जैन को भी स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया.कार्यक्रम में यंग प्रतिभा वंश तोतानी सुरूर बैंड द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गई. कार्यक्रम में डॉक्टर शुभन राव द्वारा एक डॉक्यूमेंट्री भी प्रस्तुत की गई जिसमें पिछले 5 वर्षों से दमोह होम्योपैथिक संगठन द्वारा जो भी निशुल्क शिविर, वृक्षारोपण व मानव सेवा के कार्य हुए हैं उनको दिखाया गया.



चूंकि यह आईएएस सुधीर कुमार कोचर का दमोह कार्यकाल के दौरान अंतिम दिवस था,अतः दमोह होम्योपैथिक संगठन द्वारा उन्हें भावभीनी विदाई देते हुए स्मृति चिन्ह प्रदान किया.कार्यक्रम के अंत में दमोह होम्योपैथिक संगठन के अध्यक्ष डॉ सुधीर वैद्य ने सभी अतिथि व उपस्थित डॉक्टर्स का आभार प्रकट किया.

# शिक्षकों ने किया विशाल धरना प्रदर्शन

**नवभारत,दमोह.** म.प्र. अध्यापक शिक्षक संघ संयुक्त मोर्चा के तत्वावधान में 11 अप्रैल 2026 को विकास खंड स्तरीय धरना व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया.जिसमें विकासखंड भर से सैकड़ों की संख्या में शिक्षक शिक्षिकाओ ने पहले सभा स्थल पर सम्मिलित होकर पात्रता परीक्षा,नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता,पेंशन आदि मांगों का समर्थन कर मुख्यमंत्री के नाम से तहसीलदार आलोक जैन को ज्ञापन सौंपा और 18 तारीख को अधिक से अधिक संख्या में भोपाल के धरना प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की.सभा को मुख्य रूप से..देवेंद्र यादव, अजेंद्र सिंह, मुकेश सराफ़जितेंद्र सिंह,सुनील सोनी,पूजा असाटी, संदीप सोनी, मनोज नामदेव, माधव पटेल, दिनेश प्यासी आदि ने संबोधित कर मोर्चा की आगामी रणनीति अनुसार संगठित होने अपील की.



# वार्षिक परिणाम दिवस बड़े ही उत्साह और भव्यता के साथ मनाया

**नवभारत,दमोह.** शहर से एक खूबसूरत तस्वीर सामने आई है,जहां संस्कार किड्स एकेडमी इंग्लिश मीडियम स्कूल में वार्षिक परिणाम दिवस 2026 बड़े ही उत्साह और भव्यता के साथ मनाया गया.स्कूल परिसर को आकर्षक सजावट से सजाया गया,जिसने सभी का मन मोह लिया.इस खास अवसर पर विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया और उन्हें उपहार देकर प्रोत्साहित किया गया.कार्यक्रम के दौरान छात्रों के चेहरे पर खुशी और आत्मविश्वास साफ नजर आया.वहीं, स्कूल प्रबंधन द्वारा की गई शानदार व्यवस्था ने कार्यक्रम को और भी खास बना दिया.इस आयोजन ने न केवल छात्रों का मनोबल बढ़ाया, बल्कि अभिभावकों और उपस्थित लोगों के दिलों में भी एक सकारात्मक छाप छोड़ी.अभिभावकों ने स्कूल प्रबंधन की सराहना करते हुए कहा कि उन्हें व्यवस्थाएं बेहद पसंद आई और उनकी तरफ से बहुत अच्छी प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुई.



# बांदकपुर रेल्वे स्टेशन प्लेटफार्म-1 पर युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**नवभारत,दमोह।** बांदकपुर रेल्वे स्टेशन प्लेटफर्म नंबर-1 पर बैठने वाली सीमेंट चेयर पर एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. घटना की सूचना मिलते ही मौके पर स्थानीय बांदकपुर चौकी से प्रधान आरक्षक प्रकाश यादव और जीआरपी चौकी से चौकी प्रभारी एएसआई शेख जुम्मन,प्रआ लल्लू पांडे और आरक्षक धीरज ने पहुंचकर शिनाख्त कर बताया कि मृतक उमाशंकर पिता उमराव लाल हाल्वी उम्र 60 वर्ष निवासी गढ़ाकोटा के तौर पर हुई है. पुलिस ने बताया कि उमाशंकर ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या की है, परिजन भी घटनास्थल पहुंचे.उन्होंने भी घटना की जानकारी ली.इसके बाद शव पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए शव को जिला अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया है, सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द किया जाएगा.



# जल गंगा संवर्धन अभियान 2 .0 के तहत समन्ना में बड़े तालाब परिसर में श्रमदान



**नवभारत,दमोह.** जल गंगा संवर्धन अभियान 2.0 के तहत दमोह जिले की ग्राम पंचायत समन्ना में सांसद दमोह राहुल सिंह लोधी की गरिमामय मौजूदगी में बड़े तालाब परिसर में श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर सांसद राहुल सिंह लोधी ने ग्रामीणों के साथ मिलकर तालाब व घाटों की सफाई अभियान में भाग लिया.कार्यक्रम के दौरान दो प्रमुख गतिविधियां संचालित की गई. पहली,जल स्रोतों के संरक्षण हेतु तालाब की सफाई, और दूसरी, स्वच्छ भारत अभियान के तहत घाट की स्वच्छता सुनिश्चित करना. इस अभियान में बड़ी संख्या में ग्रामीणों के साथ भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे,जिपं सदस्य प्रति.चटन पटेल, सरपंच समन्ना प्रति.सोनू निखिल सिंह, प्रदेश महामंत्री किसान मोर्चा गोपाल पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि गौरव पटेल,जिपं सीईओ प्रवीण फुलपगारे, जपं सीईओ हलधर मिश्रा, विभिन्न विभागों के अधिकारी व कई सामाजिक संस्थाओं की सक्रिय भागीदारी रही.सांसद दमोह श्री लोधी ने कहा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में 'जल गंगा संवर्धन अभियान' पूरे प्रदेश में व्यापक स्तर पर संचालित किया जा रहा है.देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए स्वच्छता अभियान और जल संरक्षण के संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं. इस अवसर पर जनपद सदस्य श्रीमती ममता ईश्वर ठाकुर, महामंत्री महेश पटेल,मंडल अध्यक्ष रमाकांत बाजपेई, एड.पवन राज, मड़ाहार सरपंच प्रति. नारायण कुशवाहा, नरेश सिंह,जय हजारी, सुरेश पटेल, जनपद पंचायत सीईओ हलधर मिश्रा,सौरभ ठाकरे,सुशील नामदेव, पीएन तिवारी सेडमैप, सचिव अणुनेद्र सिंह,सहा.सचिव नीरज, जगदीश अग्रवाल सांसद प्रतिनिधि हिंडोरिया, बृजेश सिंह मंडल अध्यक्ष, कृष्णा पटेल, शंकर गौतम, विकास नामदेव,नीतेश रजक, रघुवीर रजक,सोनू असाटी,श्रीमती रानी चौबे,करन चौबे, पदम सिंह,त्रिपाल सिंह, सोने सिंह के जनप्रतिनिधी,पंचायत और जिला प्रशासन अधिकारी रहे.

# बनवार में एचपीवी वैक्सीनेशन कैंप, 100 से अधिक बालिकाओं को लगा टीका



नवभारत,जबेरा/दमोह.केंद्र सरकार द्वारा सर्वाइकल कैंसर (बच्चेदानी के मुंह का कैंसर) से बचाव के लिए शुरू किए गए एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान के तहत बनवार में विशेष वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन किया गया।यह टीका 9 से 14 वर्ष की बालिकाओं के लिए लगाया जाना हैं।सरकार द्वारा चलाई जा रही मुफ्त टीकाकरण योजना के अंतर्गत आयोजित इस कैंप में 100 से अधिक बालिकाओं का सफलतापूर्वक टीकाकरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक मेडिकल टीम के सहयोग से किया गया, जिसमें ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर डी.के.राय के मार्गदर्शन में मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर सौरभ सुमन की अहम भूमिका रही। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि एचपीवी वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर सहित अन्य एचपीवी से संबंधित कैंसर से बचाव में अत्यंत प्रभावी है।उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपनी बेटियों को इस महत्वपूर्ण टीकाकरण से जरूर जोड़ें, ताकि भविष्य में गंभीर बीमारियों से बचाव सुनिश्चित किया जा सके। कैंप के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों ने बालिकाओं और उनके परिजनों को वैक्सीन के महत्व और इसके लाभों के बारेमें भी जागरूक किया। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना की।

## एक नजर में

### दमोह के नवागत कलेक्टर आज या सोमवार को पदभार ग्रहण करेंगे



नवभारत,दमोह.कई थोक में कलेक्टर सहित आईएएस ऑफिसरो के देर रात तबादले हुए हैं.जिसमें दमोह कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर का स्थानांतरण भोपाल हुआ.वहीं भोपाल से दमोह के नवागत कलेक्टर प्रताप नारायण यादव बने है.जिनका जन्म 24 जनवरी, 1973 को हुआ था. भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2016 बैच के अधिकारी हैं और मध्य प्रदेश कैडर में कार्यरत हैं,वर्तमान में,वे मछुआरा कल्याण व मत्स्य विकास विभाग में उप सचिव के पद पर थे. यह पद उन्होंने 3 फरवरी,2025 को ग्रहण किया था.इससे पहले, वे अपर सचिव के पद पर कार्यरत थे,अब यह दमोह जिलाधीश /कलेक्टर होगें. जो सूत्रों के अनुसार आज शनिवार या सोमवार को पदभार ग्रहण करेंगे.

### सुधीर कुमार कोचर का अविस्मरणीय कार्यकाल



दमोह। मध्यप्रदेश के शांत, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व से परिपूर्ण दमोह जिले में प्रशासनिक नेतृत्व की जब भी चर्चा होगी, तब कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर का नाम बड़े सम्मान और गर्व के साथ लिया जाएगा. उनका कार्यकाल केवल प्रशासनिक जिम्मेदारियों के निर्वहन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उन्होंने अपने कार्य, व्यवहार और जनसंपर्क से ऐसा मानवीय संबंध स्थापित किया.जिसने उन्हें अधिकारी से बढ़कर एक जनसेवक के रूप में स्थापित कर दिया.श्री कोचर का कार्यकाल एक ऐसे समय में रहा, जब प्रशासन के सामने अनेक चुनौतियाँ थींकृचाहे वह विकास कार्यों को गति देना हो, जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन हो, या फिर आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान.इन सभी क्षेत्रों में उन्होंने अपनी दूरदर्शिता, संवेदनशीलता और कुशल नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया. प्रशासनिक दक्षता का अद्वितीय उदाहरण सुधीर कुमार कोचर ने दमोह जिले में पदभार ग्रहण करते ही यह स्पष्ट कर दिया था कि उनका उद्देश्य केवल कार्यालयीन कार्यों तक सीमित रहना नहीं है, बल्कि वे धरातल पर जाकर वास्तविक समस्याओं को समझकर उनका समाधान करना चाहते हैं.उन्होंने विभागीय समन्वय को मजबूत किया,जिससे विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन तेज़ी और पारदर्शिता के साथ हो सका.उनकी कार्यशैली में समयबद्धता और अनुशासन प्रमुख तत्व रहे।

### आरती उपम्मन का पुलिस कांस्टेबल पद पर चयन



**नवभारत,दमोह**.विपरीत परिस्थितियों और कठिन संघर्षों के बीच,साधारण परिवार की बेटी आरती उपम्मन ने पुलिस कांस्टेबल पद पर चयन हासिल कर एक बड़ी उपलब्धि अर्जित की है.आरती ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने पूरे परिवार को देते हुए कहा कि पिता प्रदीप उपम्मन के मार्गदर्शन, परिवार की मेहनत और भाई आशुतोष उपम्मन के साथ ने हर मुश्किल में हौसला दिया.उन्होंने बताया कि परिवार की स्थिति को बेहतर बनाने के संकल्प के साथ लगातार संघर्ष करते हुए यह मुकाम हासिल किया.उनकी इस उपलब्धि से दमोह जिले व पूरे प्रदेश में गर्व का माहौल है और उपम्मन परिवार का नाम रोशन हुआ है.

# अवैध रुप से भण्डारण की गयी 19 पेटी अवैध शराब जब्त

**नवभारत,दमोह.** 10अप्रैल पुलिस अधीक्षक व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में तथा एसडीओपी तेदूखेड़ा के मार्गदर्शन में थाना तारादेही पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना पर ग्राम तारादेही में बायपास तिराहा पर बने मकान में साहिल पिता राजेश घोषी निवासी तारादेही थाना तारादेही की आटोपाट्र्स की दुकान के पीछे वाले कमरे से 19 पेटी शराब जिनमे देशी प्लेन, लाल मशाला व सागर गोल्ड विस्की शराब के कुल 932 पाव 167.76 लीटर कुल कीमती 98060 रुपये की जप्त कर कब्जा पुलिस ली गयी व आरोपी साहिल पिता राजेश घोषी निवासी तौरादेही के विरुद्ध अपराध धारा 34(2) म.प्र. आबकारी अधिनियम का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया. सराहनीय कार्यवाही में थाना प्रभारी उप निरी. आलोक तिरपुडे, का.वा.उनि रमेश सिंह मुडरया, प्र.आर.282 तुलसीराम ठाकुर,आर.780 राजेन्द्र सिंह, आर. 102 पंकज प्यासी, आर.375 बलराम सिंह, आदि रहें।



# भगवती संगठन ने दो पेटी अवैध शराब पकड़ी

## आरोपियों को किया पुलिस के हवाले

**नवभारत, पथरिया 11 अप्रैल। भगवती मानव कल्याण संगठन द्वारा चलाए जा रहे नशा विरोधी जन आंदोलन अभियान के तहत पथरिया में कार्यकर्ताओं ने पथरिया थाना अंतर्गत अवैध शराब पकडाई है संगठन के कार्यकर्ताओं ने पथरिया थाना क्षेत्र में दो पेटी अवैध शराब पकड़ी और आरोपियों को पुलिस के हवाले किया।**

पकड़े गए आरोपियों में अभिषेक (अंशू) सोनी और कीरत पटेल बताए जा रहे हैं। दोनों आरोपी मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 34 जेडए 9760 से दमोह रोड स्थित शराब दुकान से शराब लेकर जा रहे थे तभी संगठन के कार्यकर्ताओं ने उन्हें पकड़ लिया।



### अवैध शराब की सप्लाई का आरोप

भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष खिलान पटेल ने आरोप लगाया कि दमोह रोड स्थित शराब दुकान से लगातार क्षेत्र में अवैध शराब की सप्लाई हो रही है, लेकिन आबकारी विभाग इस पर आंखें मूंदे बैठा है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब खुलेआम इस तरह शराब की सप्लाई हो रही है तो संबंधित शराब ठेकेदार पर कार्रवाई कब होगी?

शिक्षा से बदली तकदीर | लगातार सरकारी सेवाओं में चयनित हो रहे युवा

# लोधी बाहुल्य पतलोनी गांव बना मिसाल

**दमोह का पतलोनी गांव बना सफलता की पाठशाला**

**खेल और शिक्षा का संगम**

**युवा बना रहे सरकारी नौकरी में पहचान**

नवभारत,तेजगढ़/दमोह.जिले के तेजगढ़ के समीप स्थित लोधी बाहुल्य ग्राम पतलोनी इन दिनों शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में नई पहचान बना रहा है. जहां कभी युवा पारंपरिक खेती तक सीमित रहते थे, वहीं अब गांव के युवाओं का रुझान शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की ओर तेजी से बढ़ रहा है.पिछले कुछ वर्षों में इस गांव के कई युवाओं ने सरकारी सेवाओं में चयन प्राप्त कर गांव का नाम रोशन किया है.वर्ष 2023 में गजेंद्र सिंह लोधी (पिता चरन सिंह लोधी) का चयन डॉ. हरिसिंह गौर केंद्रीय विद्यालय में लैब अटेंडेंट के पद पर हुआ.इसके बाद दीपेश झरिया (पिता सुभाष झरिया अध्यापक) पुलिस आरक्षक पद पर चयनित हुए.वर्ष 2024 में विकास सिंह लोधी (पिता झाम सिंह लोधी) ने अग्निवीर के रूप में चयनित होकर गांव का गौरव बढ़ाया.



**बदल रही सोच, बन रहा भविष्य**

गांव के युवाओं में अब जागरूकता बढ़ रही है. वे खेती के साथ-साथ पढ़ाई और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर भी ध्यान दे रहे हैं.यही कारण है कि पतलोनी गांव धीरे-धीरे शिक्षा और सफलता का केंद्र बनता जा रहा है. इस उपलब्धि पर ग्राम के प्राचार्य अनरत सिंह, परम लाल बीआरसीसी,गणेश मेहरा (मेहरा समाज जिलाध्यक्ष),महेंद्र दीक्षित, पहारी सिंह,साहब सिंह (सेल्समैन), देवेन्द्र मालगुजार, शिवाजी मालगुजार,बेड़ी सिंह (सदर), मनोहर सिंह व शोएब पठान,शिवराज सिंह सहित ग्रामीणों ने चयनित युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की.

### खेलों में भी अव्वल

पतलोनी गांव केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि खेलों में भी अपनी अलग पहचान रखता है.खासकर कबड्डी में यहां से दर्जनों खिलाड़ी राज्य स्तर तक पहुंच चुके हैं.

# अज्ञात कारणों के चलते छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**नवभारत,तेंदूखेड़ा/दमोह.** तेजगढ़ थाना अंतर्गत तेजगढ़ में अज्ञात कारणों के चलते 12 की छात्रा का फांसी लगाने से मौत का मामला सामने आया है. जानकारी लेने पर पता चला की छात्रा पल्लवी पिता निर्मल विश्वास ने इस वर्ष 12वीं की परीक्षा दी थी,रिजल्ट आने के पहले ही छात्रा की फांसी लगने से मौत होने पर सनसनी फेल गयी है.वहीं जनचर्चा है कि छात्रा ने मौत से पहले वीडियो बानया है.जिस पर पुलिस ने छात्रा का मोबाइल जप्त कर लिया है.अब किस कारण बालिका ने फांसी लगाई मोबाइल खुलने के बाद ही सच सामने आ साकेगा.वहीं लड़की के पिता निर्मल विश्वास ने बताया की लड़की मां कलकत्ता से अभी नहीं आ पाई है, इसलिये बच्ची दाह संस्कार नहीं हुआ है.



**इनका कहना है...**

12वीं की छात्रा की मौत फांसी लगने से हुई है,जिसपर मर्ग क़ायम कार जांच में लिया है.बालिका का मोबाइल जप्त कार लिया है,उसका पासवर्ड ना होने से अभी सही जानकारी नहीं लग रही कि बालिका ने फांसी लगाकर हत्मत्या क्यों की है.